# कार्यालय
# अधीक्षक, न्यू गार्डिनर रोड
# सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, पटना

फोन नं0 – 06122504915, 9470003587 E-mail-newgardinerhosp@gmail.com


पत्रांक 626 / पटना दिनांक 29/8/24 /

## सूचना

अधोहस्ताक्षरी के संस्थान में साफ सफाई कार्य हेतु PR No. 003735(HEALTH) 2024-25 के द्वारा हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 12.07.2024 को निविदा प्रकाशन किया गया था जिसके आलोक में प्राप्त निविदा का तकनीकी निविदा दिनांक 28.08.2024 को क्रय समिति के समक्ष खोला गया था। तकनीकी निविदा में असफल निविदादाता की सूची एवं उसका कारण निम्न है।

| निविदादाता का नाम | तकनीकी निविदा में असफल होने के कारण |
|---|---|
| **MANGLAM MANPOWER INDUSTRIES (P) LTD. GHAURANI TOLA, MOKAMA, PATNA - 804453** | इनके द्वारा करेंट एकाउण्ट/सी0सी0 एकाउण्ट के तहत बैंक द्वारा निर्गत 1 लाख रुपये का Solvency Certificate, ESIC एवं EPF का मार्च 2024 से मई 2024 तक का चालान/विवरणी एवं पेमेन्ट रिसिप्ट, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/पी0एस0यू0 के किसी भी अस्पताल में साफ सफाई के काम का 1 वर्ष का अनुभव, जी0एस0टी0 निबंधन का पिछले छः माह अर्थात दिसम्बर 2023 से मई 2024 तक का मासिक/क्वार्टरली ई–फाइलिंग, करेंट/सी0सी0 एकाउंट के प्रथम पृष्ठ की प्रति, एसेसमेन्ट ईयर 2021–22 का आयकर रिर्टन की प्रति, वितीय वर्ष 2020–21 का ऑडिड रिपोर्ट की प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की प्रति तकनीकी निविदा में संलग्न नही किया गया है। |
| **R.S OUTSOURCING CHANDMARI ROAD KANKARBAGH PATNA - 800020** | अधीक्षक न्यू गार्डिनर रोड सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल पटना के पत्रांक 865 दिनांक 20.10.2023, पत्रांक 967 पटना दिनांक 24.11.2023, पत्रांक 219 दिनांक 20.03.2024, पत्रांक 316 पटना दिनांक 30.04.2024, पत्रांक 391 पटना दिनांक 31.05.2024, पत्रांक 436 पटना दिनांक 25.06.2024 एवं पत्रांक 573 पटना दिनांक 10.08.2024 के द्वारा आर एस आउटसोर्सिंग चंदमारी रोड पटना – 800020 को जी0एस0टी0 नम्बर 10DHVPS8515M1ZL का जी0एस0टी0 भुगतान प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र/किसी तरह का बकाया नही/जी0एस0टी0 जमा करने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु नोटिस दिया गया था लेकिन आजतक इस संस्था के द्वारा जी0एस0टी0 नम्बर 10DHVPS8515M1ZL का 242415 रुपया का जी0एस0टी0 चालान जमा करने का साक्ष्य कार्यालय में नही दिया गया है। उसके बावजूद तकनीकी निविदा के शर्त 21 एवं निविदा के अन्य शर्त के नोट–2 का उल्लघंन करते हुए निविदा डाला गया है। इस कारण से R.S OUTSOURCING CHANDMARI ROAD KANKARBAGH PATNA – 800020 के निविदा को अमान्य/असफल किया जाता है। |

Scanned with CamScanner

# कार्यालय
# अधीक्षक, न्यू गार्डिनर रोड
# सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, पटना

फोन नं0 – 06122504915, 9470003587 E-mail-newgardinerhosp@gmail.com

| | |
|---|---|
| INDRAPRASHTHA SECURITY SERVICES PVT. LTD, 46, ASHIANA NAGAR GALAXY, EXHIBITION ROAD PATNA - 800001 | एनेक्चर 1 के क्रम संख्या 12 से सम्बन्धित अभिलेख का पेजिंग नम्बर 417 से 419 किया हुआ है लेकिन पेज नम्बर 417 से 419 पर आयकर रिर्टन एसेसमेन्ट ईयर 2023–24 का अभिलेख संलग्न नही है, अस्थायी निवास प्रमाण पत्र छः माह से अधिक का संलग्न किया गया है जबकि छः माह से कम का आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना था, एनेक्चर 1 आधा अधूरा भरा हुआ है जबकि इसे पूर्णरुपेण एवं क्रमवार भरना था, निविदा शर्त नोट–1 में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि तकनीकी निविदा में मांगे गए कागजात के अतिरिक्त अन्य कोई भी कागजात संलग्न करने पर निविदा आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इस शर्त का उल्लंघन करते हुए इनके द्वारा बायोडाटा ऑफ आवर कम्पनी, सम ऑफ आवर मेजर क्लाईन्ट, लेबर लाइसेन्स एवं अन्य कागजात संलग्न किया गया है। इस कारण इन्हें तकनीकी निविदा में असफल घोषित किया जाता है। |
| GEETA MAHILA UTTHAN SAMITI, RAJENDRA NAGAR, ARA, BHOJPUR - 802301 | तकनीकी निविदा में ESIC का चालान विवरणी संलग्न नही है, निविदा शर्त नोट–3 में स्पष्ट रुप से उल्लेख है कि किसी भी परिस्थिति में शपथ पत्र प्रारुप मे एक भी शब्द संशोधन नही किय जाएगा। अगर एक भी शब्द का संशोधन कर के शपथ पत्र दिया जाता है तो उक्त संस्था का तकनीकी निविदा रदद् कर दी जाएगी। इनके द्वारा इस शर्त का एनेक्चर 6 में अनुपालन नही किया गया है तथा एनेक्चर 1 प्रारुप हस्तलिखित एवं काट–कूट किया हुआ है। उपरोक्त वर्णित कारणों के कारण इन्हें तकनीकी निविदा में असफल घोषित किया जाता है। |
| GYAN BHARTI SIKSHA AND PRASIKSHAN SANSTHAN 1ST FLOOR JAGADISH LOK APPARTMENTWEST BORING CANAL ROAD PATNA-1 | तकनीकी निविदा में एनेक्चर 1 के क्रम संख्या 1 में आवेदन से भिन्न तिथि लिखा हुआ है। Solvency Certificate 1 लाख रुपये का मांगा गया था लेकिन इनके द्वारा 5 लाख रुपये का Solvency Certificate दे दिया गया है, निविदा शर्त नोट–1 में यह निर्देश दिया गया था कि तकनीकी निविदा में मांगे गए उपरोक्त कागजात के अतिरिक्त अन्य कोई भी कागजात संलग्न नही करेंगे यदि निविदादाता द्वारा उक्त निर्देशो का उल्लघंन किया जाता है कि तो उस परिस्थिति में निविदा आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इनके द्वारा निविदा शर्त नोट–1 का उल्लघंन करते हुए तकनीकी निविदा में फरवरी 2024 का ESIC Payment Confirmation Receipt, ESIC जून 2024 Payment Confirmation Receipt एवं विवरणी, फरवरी 2024 EPF Payment Confirmation Receipt, जून 2024 EPF Payment Confirmation Receipt एवं विवरणी, एसेसमेन्ट ईयर 2020–21 का आयकर रिर्टन फाइल, ऑडिट रिपोर्ट वितीय वर्ष 2019–20, पुराना निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है जो इन्हें संलग्न नही करना था। निविदा शर्त नोट–3 में यह स्पष्ट रुप से निर्देश दिया गया था कि किसी भी परिस्थिति में शपथ पत्र प्रारुप में एक भी शब्द संशोधन निविदादाता द्वारा नही किया जाएगा। अगर एक भी शब्दों का संशोधन करके शपथ पत्र दिया जाता है तो उक्त संस्था का तकनीकी निविदा रदद् कर दी जाएगी। इस शर्त का भी इनके द्वारा शपथ पत्र एनेक्चर–5 एवं 7 में उल्लघंन किया गया है। उपरोक्त वर्णित कारणों के कारण इन्हें तकनीकी निविदा में असफल घोषित किया जाता है। |

626
29/8/24

Scanned with CamScanner

# कार्यालय
# अधीक्षक, न्यू गार्डिनर रोड
# सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, पटना

फोन नं0 – 06122504915, 9470003587 E-mail-newgardinerhosp@gmail.com


| | |
|---|---|
| ANIMATION SECURITY SERVICES PVT. LTD. (ASSPL), PRAMILA BHAWAN, NEAR VAISHNAVI HOSPITAL, TRANSPORT NAGAR, KUMHARAR, PATNA - 800026 | तकनीकी निविदा के एनेक्चर 1 प्रारुप तकनीकी निविदा के साथ संलग्न नही है, EPF का मार्च 2024 से मई 2024 का Payment Confirmation Receipt एवं ESIC का मार्च 2024 से मई 2024 तक का Payment Confirmation Receipt के साथ साथ ैष्ठ का विवरणी तकनीकी निविदा के साथ संलग्न नही किया गया है।तकनीकी निविदा शर्त नोट–3 में यह स्पष्ट रुप से निर्देश दिया गया था कि किसी भी परिस्थिति में शपथ पत्र प्रारुप में एक भी शब्द संशोधन निविदादाता द्वारा नही किया जाएगा। अगर एक भी शब्दों का संशोधन करके शपथ पत्र दिया जाता है तो उक्त संस्था का तकनीकी निविदा रदद् कर दी जाएगी। इस शर्त का भी इनके द्वारा शपथ पत्र एनेक्चर–4 एवं 6 में उल्लघंन किया गया है। उपरोक्त वर्णित कारणों के कारण इन्हें तकनीकी निविदा में असफल घोषित किया जाता है। |

अतः सभी असफल निविदादाता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से अग्रिम राशि एवं Solvency Certificate स्वयं या किसी व्यक्ति को अधिकृत कर प्राप्त कर लें।

अधीक्षक
न्यू गार्डिनर रोड
सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, पटना

Scanned with CamScanner